Title: Need to conduct a survey for laying of new railway lines and gauge conversion work in Saurashtra region of Gujarat.

**श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ)** : उपाध्यक्ष महोदय, गुजरात राज्य का सौराट्र क्षेत्र और उनका समुद्री तट पाकिस्तान सीमा से अत्यन्त नजदीक है। नजदीक होने से समुद्री तट के संरक्षण का अत्यधिक महत्व है।

इसके अलावा पूरे समुद्र तट पर हजारों करोड़ रुप्ये की संमीटे और सोडा ऐश के काफी बड़े उद्योग लगे हुए हैं जिससे कच्चा और पक्का माल परिवहन का भी अत्यंत महत्व है।

यहां राट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्म स्थल पोरबंदर, श्री कृण भगवान का द्वारका स्थित मंदिर और सोमनाथ महादेव का मंदिर है। इस धार्मिक स्थल का महत्व काफी अधिक होने से यहां देशी-विदेशी पर्यटक काफी संख्या में आते हैं। एशिया खण्ड में केसरी सिंह से जुड़ा "सासण गिर विस्तार" भी इसी क्षेत्र में आता है।

अतः केन्द्र सराकर से अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विकास के लिए निम्न सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही की जाये--

1. द्वारका क्षेत्र से पोरबंदर पोर्ट और वरावल पोर्ट तक नई बड़ी रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण करवाया जाये।
2. पिप्वाऊ पोर्ट से ऊना दिलवाड़ा तक नई बड़ी रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण करवाया जाये।
3. वेरावल पोर्ट से तलाला - जामवाला- ऊना तक छोटी रेलवे लाइन को बड़ी रेलवे लाइन में परिवर्तित कर दिया जाये तथा उक्त सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए बजट में आवश्यक निधि का प्रावधान किया जाये।